### मारूती नंदन के दरबार में हुए अष्टमी पर कार्यक्रम, दर्शनार्थियों का लगा रहा तांता

# जय हनुमान ज्ञान गुण सागर की धुन से गुंजायमान हुए नगर के हनुमान मंदिर

**सूर्यमुखी हनुमान मंदिर व बल्डावदा हनुमान मंदिर पर लगाया छप्पन भोग, भंडारे के हुए आयोजन, महाआरती कर अंजनीलाल के जयकारे लगाए**

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

हनुमान अष्टमी पर नगर के प्रसिद्ध हनुमान मंदिरों में सुबह से ही भक्तों का तांता लगा रहा। मंदिरों को पुष्पों व विद्युत की रोशनी से सजाया गया था। कहीं खूबसूरत रंग-बिरंगे पर्दे दिखाई दे रहे थे। फूलों के विभिन्न रंग माहौल को और सुंदर बना रहे थे। गुरुवार को नगर के हनुमान मंदिरों में प्रातः काल से ही दर्शनार्थियो का तांता लगा रहा। इस अवसर पर मंदिरों पर आकर्षक व रंगीन विद्युत साज-सज्जा कर हनुमानजी को आकर्षक चोला चढ़ाया गया। हनुमान मंदिरों में बजरंगबली के भजनों, गीतों, हनुमान चालीसा व रामायण पाठ के आयोजन किए गए। मां बगलामुखी मंदिर के समीप सूर्यमुखी हनुमान मंदिर पर भक्तों द्वारा छप्पन भोग लगाया गया। यहां पर महा आरती के साथ भंडारे का आयोजन भी हुआ। वहीं बल्डावदा हनुमान मंदिर पर सुंदरकांड प्रतियोगिता के साथ भंडारे का आयोजन किया गया। अंजनीलाल को छप्पन भोग लगाया गया एवं महाआरती का कार्यक्रम भी हुआ।

इस वर्ष हनुमान अष्टमी का संयोग गुरूवार को बना। चूंकि गुरूवार को गुरू का दिन माना जाता है और हनुमान जी को अष्ट सिद्धि का दाता कहा जाता है। इसीलिए अष्टमी पर हनुमान आराधना का महत्व बढ गया। पर्व को लेकर नगर के चौक बाजार स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर, नगर के मध्य स्थित श्री खेड़ापति हनुमान मंदिर, गवलीपुरा स्थित पायगा वाले हनुमान मंदिर, होली टेकरा वाले हनुमान जी तथा ग्राम गुदरावन स्थित श्री बावड़ी वाले हनुमानजी मंदिर पर भी आर्कषक विद्युत सज्जा के साथ धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। बगलामुखी मंदिर स्थित श्री वीर हनुमान मंदिर पर अष्टमी पर महा आरती का कार्यक्रम हुआ जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों द्वारा भाग लिया गया।






### 56 भोग के साथ भंडारे का हुआ आयोजन

पंडित अंकित शर्मा ने बताया की मां बगलामुखी मंदिर के आहते में स्थित श्री सूर्यमुखी बाल वीर हनुमान मंदिर पर भगवान के समक्ष 56 भोग लगाया गया, जिसके बाद दोपहर 12 बजे बाबा की महाआरती कर भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें भक्तों ने महाप्रसादी का लाभ लिया।

### आगर में वीर हनुमान का हुआ आकर्षक श्रृंगार

आगर में स्थित वीर हनुमान मंदिर पर अष्टमी पर्व को लेकर मनमोहक झांकी बनाई गई, जिसमें हनुमान प्रतिमा को आकर्षक रूप से सजाया गया, जिसे निहारने दिनभर बडी संख्या में भक्त मंदिर पहुंचे। यहां भी हनुमान अष्टमी को लेकर आयोजन व छप्पन भोग एवं भंडारे के कार्यक्रम हुए।



# भीषण शीतलहर में भी स्कूल जाने को मजबूर नौनिहाल

**नलखेड़ा**। वर्तमान में भीषण शीतलहर का दौर जारी है। ऐसे में जनजीवन भी प्रभावित हो रहा है। ऐसी शीतलहर में भी नौनिहाल स्कूल जाने को मजबूर हो रहे हैं। शीतलहर के चलते उनके स्वास्थ्य पर विपरीत असर होने की आशंका हो सकती है। गुरुवार तक अधिकांश स्कूलों में छुट्टियां थी, शुक्रवार से स्कूल प्रारम्भ हो गए हैं। वहीं दूसरी ओर क्षेत्र भीषण शीतलहर की चपेट में है। नागरिक घरों से बाहर निकलने में हिचकिचा रहे हैं। दिनभर अलाव जल रहे हैं। सूर्यदेव पिछले एक सप्ताह से दर्शन नहीं दे रहे हैं। कभी कोहरा, कभी मेघरा तो कभी वर्षा का दौर चल रहा है।

ऐसे मौसम में शुक्रवार को ठिठुरते नोनिहाल अपनी पीठ पर बस्ता टांगकर स्कूल जाते दिखाई दिए। कुछ स्कूल संचालकों द्वारा तो इन छोटे-छोटे बच्चों के लिए स्कूल में ही अलाव की व्यस्था कर दी गई थी। लेकिन शेष स्कूलों में बर्फीली हवाओं के बीच बच्चें अपने क्लास रूम में बैठे हुए थे। सर्द मौसम में बच्चों का वैसे भी घर से निकलना उनके स्वास्थ्य पर विपरीत असर डाल देता है ऐसे में स्कूल में लगातार 5 से 6 घंटे बर्फीली हवाओ के बीच में रहना निश्चित रूप से उनके स्वास्थ्य पर विपरीत असर डाल सकता है। अब चूंकि सरकार द्वारा स्कूल के समय मे परिवर्तन अथवा मौसम के कारण स्कूलों की छुट्टी के अधिकार कलेक्टरों से छीन लिए गए है और ये अधिकार राज्य शिक्षा केन्द्र को दे दिए है ऐसे में स्थानीय शिक्षा विभाग द्वारा तत्काल अपने वरिष्ठ कार्यालय से ऐसे मौसम में कम से कम प्रायमरी तक की कक्षाओं का अवकाश घोषित करवाना चाहिए जिससे कि किसी भी मासूम के स्वास्थ्य पर विपरीत असर नही पड़ सके।

**कड़ाके की ठंड को देखते हुए जिले में स्कूलों का अवकाश घोषित हो**

नगर सहित जिले में गत पांच दिनों से पड रही कड़ाके की ठंड व कोहरे के चलते प्रातः काल लगने वाले स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को ठंड के चलते कई प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कड़ाके की ठंड को देखते हुए संबंधित जिम्मेदारों को जिले में स्कूलों का अवकाश घोषित करना चाहिए ताकि बच्चों को इस ठंड के मौसम में स्कूल जाने से कुछ राहत मिल सके।

# सुंदरकांड प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार किए गए प्रदान




हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

हनुमान अष्टमी के अवसर पर पांडवकालीन श्री बल्डावदा हनुमान मंदिर पर हुई सुंदरकांड प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार वितरण किए गए। गुरुवार को हनुमान अष्टमी के अवसर पर आयोजित सुंदरकांड प्रतियोगिता रात्रि लगभग 10.30 बजे तक चली। जिसके बाद निर्णायकों के निर्णय पर विजेता मंडलियों को पुरस्कार वितरित किए गए।

प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर श्री बालाजी सुंदरकांड मंडल खाताखेड़ी रही, जिन्हें 11 हजार रुपये नगद एवं हनुमान जी का चित्र, द्वितीय स्थान पर श्री संकटमोचन सुंदरकांड मंडल लसुलड़यि केलवा रहे जिन्हें सात हजार एक सौ रुपये नगद एवं हनुमान जी का चित्र एवं तीसरे स्थान पर श्री बजरंग सुंदरकांड मंडल रहा जिन्हें पांच हजार एक सौ नगद एवं हनुमान जी का चित्र आयोजकों द्वारा भेंट किया गया। शेष तीनों मंडलों को 2100-2100 रुपये नगद एवं हनुमान जी के चित्र भेंट किए गए।



### कथा वाचक पंडित चतुर्भुज चतुर्वेदी का किया सम्मान

**नलखेड़ा**। स्थानीय नीमा ग्राउंड पर चल रही सात दिवसय श्रीमद् भागवत कथा के अंतिम दिवस शुक्रवार को कथावाचक पंडित चतुर्भुज चतुर्वेदी का नगर परिषद नलखेड़ा की ओर से स्वागत कर अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि विजय सोनी के साथ परिषद के उपाध्यक्ष प्रीतेश फाफरिया, पार्षद गण भी उपस्थित थे। जिन्होंने भागवत माता की पूजा-अर्चना कर पंडित चतुर्वेदी का पुष्प हार पहनाकर, साफा बांधकर सम्मान किया गया।

# चाइना डोर पर प्रतिबंध को लेकर सौंपे ज्ञापन

**चाइना डोर बेचने और डोर से पतंग उड़ाने वालों पर सख्त कार्रवाई की मांग**


**नलखेड़ा**। प्रशासन व सामाजिक संगठनों की अपील के बाद भी नगर व आसपास के क्षेत्र में चाइना डोर बेचा व खरीदा जा रहा है। चाइना डोर पर सख्ती के साथ प्रतिबंध लगाए जाने की मांग को लेकर हिंदू जागरण मंच द्वारा तहसीलदार व थाना प्रभारी को अलग-अलग ज्ञापन सौंपे गए हैं।

मकर संक्रांति पर्व पर नगर में बड़ी संख्या में युवाओं तथा बच्चों द्वारा पतंगबाजी की जाती है। पर्व के पूर्व ही नगर में आसमान पर पतंगे उड़ती दिखाई दे रही है। इसमें चाइना डोर का उपयोग किया जा रहा है, पतंग की दुकानों पर भी चाइना डोर की बिक्री हो रही है। इस प्रकार की डोर से नागरिक तथा पक्षी भी घायल हो रहे हैं। हिंदू जागरण मंच नगर संयोजक महेश गौड़ व मंच के अन्य कार्यकर्ताओं द्वारा शुक्रवार को तहसील कार्यालय पहुंचकर नायब तहसीलदार पारस वैश्य तथा थाना प्रभारी शशि उपाध्याय को सौंप गए ज्ञापन में बताया कि नगर में चाइना डोर बेचने और खरीदने वालों पर प्रशासन द्वारा सख्त कार्यवाही की जाना चाहिए। क्योंकि चाइना डोर की चपेट में आने से जहाँ नागरिक गंभीर रूप से घायल होते हैं, वहीं अनेकों पक्षियों की जान भी चली जाती है। इन पक्षियों की जान बच सके तथा भविष्य में किसी प्रकार की जनहानि ना हो इसे ध्यान में रखते हुए चाइना डोर से पतंग उड़ाने वालों के खिलाफ कार्यवाही की तामिल करवाई जाए ताकि ऐसे पतंग बाज कार्यवाही से पूर्व ही सावधान हो जाएं तथा चाइना डोर का उपयोग नहीं करें।



# भगवान पार्श्वनाथ व चंदा प्रभु जन्म कल्याणक पर होंगे आयोजन

**नलखेड़ा**। जैन धर्म के 23वें तीर्थंकर पुरूषादायिनी, महाप्रभावी भगवान पार्श्वनाथ एवं जैन मंदिर के मूलनायक परमात्मा भगवान चंदा प्रभु के जन्म कल्याणक महोत्सव पर जैन समाजजनों द्वारा तीन दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन आज से किया जा रहा है। स्थानीय जैन श्वेतांबर समाज द्वारा प्रशांत मूर्ति चंद्रशेखर मुनि महाराज के सानिध्य में गुदरावन मार्ग पर स्थित नवनिर्मित श्री पार्श्व कुशल जैन मंदिर दादाबाड़ी में 6 जनवरी को भगवान पार्श्वनाथ का जन्म कल्याणक मनाया जाएगा। इस अवसर पर जैन मंदिरजी में श्री पार्श्वनाथ पंचकल्याणक पूजन प्रातः 10:30 बजे लाभार्थी मांगीलाल, दिनेशकुमार महावीर कुमार बडेरा परिवार की ओर से रखी गई है।



पूजन चंदा प्रभु बहु मंडल द्वारा पढ़ाई जाएगी। शनिवार को ही नगर में स्थित श्री चंद्रप्रभु जैन श्वेतांबर मंदिर जी में 2 बजे पार्श्वनाथ जन्म कल्याणक पर पूजन का कार्यक्रम होगा। पूजन के लाभार्थी मनोहरलाल बाबूलाल फाफरिया परिवार रहेगा। पूजन चंदा प्रभु बहुमंडल द्वारा पढ़ाई जाएगी। 7 को 2 बजे मंदिरजी में पार्श्वनाथ पंचकल्याणक पूजन लाभार्थी चंदा प्रभु बहु मंडल द्वारा रखी गई है पूजन मंडल द्वारा ही पढ़ाई जाएगी। 8 जनवरी को जैन मंदिर के मूलनायक परमात्मा चंदा प्रभुजी का जन्म कल्याणक मनाया जाएगा। समाजजनों द्वारा प्रातः 9:30 बजे नगर में परमात्मा की रथ यात्रा निकाली जाएगी। तत्पश्चात जैन धर्मशाला में स्वामी वात्सल्य का कार्यक्रम होगा।

# खाद्य एवं औषधि प्रशासन की संयुक्त नियंत्रक माया अवस्थी पहुंचीं नलखेड़ा

**नलखेड़ा**। खाद्य एवं औषधि प्रशासन मध्य प्रदेश की संयुक्त नियंत्रक माया अवस्थी तथा औषधि निरीक्षक राजेश जिनवाल इंदौर शुक्रवार को मां बगलामुखी मंदिर पर दर्शन पूजन करने पहुंचे जहां उनका नगर के व्यापारी संगठनों द्वारा आत्मीय स्वागत कर सम्मान किया गया। शुक्रवार को मां बगलामुखी मंदिर पहुंचे अधिकारियों का होटल यूनियन अध्यक्ष किशोर बैरागी, जिला फूड अधिकारी केएल कुंभकार, अरविंद फाफरिया, विनोद गवली, भेरू मेरोठा, राकेश राठौर, मनोहर पुष्पद, होटल यूनियन के अन्य सदस्यो द्वारा स्वागत किया गया। केमिस्ट एसोसिएशन की ओर से चतुर्भुज माहेश्वरी द्वारा स्वागत किया गया।



# धर्म की रक्षा के लिए नगर की बेटी वर्षा नागर ने लिया सन्यास, बनी महामंडलेश्वर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

नगर की प्रसिद्ध कथा वाचक वर्षा नागर का पट्टा अभिषेक होने के बाद वे अब महामंडलेश्वर बन चुकी हैं। गुरुवार को उज्जैन में सदावल रोड पर हुए कार्यक्रम में अखाड़ा परिषद् के अध्यक्ष रविंद्र पूरी महाराज के सानिध्य में कार्यक्रम संपन्न हुआ, जिसमें वर्षा नागर को महामंडलेश्वर की उपाधि मिली। नगर की प्रसिद्ध कथा वाचक वर्षा नागर अब पंचायती अखाड़ा श्री निरंजनी अखाड़े की महामंडलेश्वर होंगी। वे अब अन्नपूर्णा गिरी माता के नाम से जानी जाएंगी। कार्यक्रम में अन्नपूर्णा गिरी का मुंडन संस्कार कर विधि विधान से पवित्र जल से स्नान कराया गया। अखाड़ा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष रवींद्र पुरी महाराज और साध्वी मंदाकिनी देवी के साथ सभी संतों ने उन पर गंगा जल छिड़क कर पंचामृत से शुद्धिकरण किया। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजन पाठ किया गया। साध्वी अन्नपूर्णा गिरी का पट्टाभिषेक कर निरंजनी अखाड़े की महामंडलेश्वर नियुक्त किया गया।


महामंडलेश्वर अन्नपूर्णा गिरी ने बताया कि मैं बचपन से सनातन की राह पर चल रही हूं। 25 वर्षों से कथा वाचक हूं। बाल्यावस्था से ही सन्यास का मन बना लिया था। महाकाल की नगरी में योग मेडिटेशन सेंटर योगचक्र के साथ जल्द ही कन्या गुरुकुल की शुरुवात करने जा रहे है। सन्यास के साथ समाज की सेवा करनी है और राष्ट्र के लिए संकल्प करना है। कार्यक्रम के दौरान ढोल बाजे के साथ पट्टा अभिषेक का कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस दौरान अखाड़ा परिषद् के अध्यक्ष रविंद्र पूरी, महांडलेश्वर मंदाकिनी देवी, पूर्व केंद्रीय मंत्री सत्यनारायण जटिया, मप्र तीर्थ मेला प्राधिकरण अध्यक्ष माखनसिंह चौहान, कई भाजपा नेता सहित कई साधु संत मौजूद रहे।




**6 स्थानों की सुंदरकांड मंडलियों ने लिया भाग**

# बल्डावदा हनुमान मंदिर पर हुई सुंदरकांड प्रतियोगिता

**नलखेड़ा**। हनुमान अष्टमी पर नगर से 2 किमी दूर पांडवकालीन श्री बल्डावदा हनुमान मंदिर पर सुंदरकांड प्रतियोगिया का आयोजन हुआ। यहां हनुमान जी का आकर्षक श्रृंगार कर मंदिर को पुष्पों से सजाया गया था। आकर्षक विद्युत सज्जा अलग ही छटा बिखेर रही थी। मंदिर पर भंडारे का आयोजन भी किया गया। गुरुवार को श्री बल्डावदा हनुमान मंदिर पर प्रातः हनुमान जी का आकर्षक श्रृंगार किया गया था। यहां दिनभर दर्शनार्थ भक्तों का तांता लगा रहा। सायं 4 बजे से यहाँ सुंदरकांड प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें सुनेरा, देहरिया, खाताखेड़ी, लसुलड़िया केलवा, कोहड़यिा एवं धनोरा की कुल 6 सुंदरकांड मंडलियों द्वारा भाग लिया गया। सभी मंडलियों को 40-40 मिनट का समय दिया गया था।

**भक्ति गीतों ने बांधा समा**

प्रतियोगिता के दौरान प्रत्येक मंडली द्वारा अपनी सुमधुर आवाज में भक्ति गीतों व सुंदरकांड की चौपाइयों से समां बांध दिया। जिस पर उपस्थित भक्त स्वयं को थिरकने से नहीं रोक पाए। प्रतियोगिता के दौरान कलाकार विभिन्न रूपों में नृत्य के साथ ही भक्तों का मनोरंजन भी करते रहे। प्रतियोगिता में किसी भी प्रकार का विवाद नही हो इसके लिए स्थानीय मंडलियों को शामिल नहीं किया गया। इस अवसर पर मंदिर परिसर में भंडारे का भी आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों ने भोजन प्रसादी ग्रहण की गई।

**खबर संक्षेप**

### रुद्र हनुमान का श्रृंगार कर लगाया 56 भोग



**देवास।** श्री पशुपति नाथ रुद्र हनुमान मंदिर मोती बंगला में मंदिर प्रांगण में हनुमान अष्टमी के उपलक्ष्य पर बाबा का अभिषेक विशेष श्रृंगार एवं महाआरती एवं भोग लगाया गया। पंडित प्रितेश शर्मा ने बताया कि बाबा रुद्र हनुमान का सुबह 5 बजे पंचाभिषेक किया गया और बाद विशेष श्रृंगार किया गया।भक्तो द्वारा सामूहिक आरती कर बाबा को 56 भोग लगाया गया।इस अवसर पर क्षेत्र के धर्मप्रेमी भक्त उपस्थित थे।

### मंदिर में स्थापना पर मनेगा दीपोत्सवः महापौर

**देवास।** श्रीराम की नगरी अयोध्या मे 22 जनवरी को भगवान श्रीराम की रामलला के रूप मे मंदिर मे स्थापना के अवसर पर दीपोत्सव कर इस महोत्सव को दीपावली के रूप मे पूरे देश मे मनाया जावेगा। इसी अन्तर्गत 22 जनवरी के पावन दिवस पर नगर निगम द्वारा निगम स्वामित्व की ईमारतो पर भव्य विद्युत साज सज्जा की जावेगी। उक्त बात महापौर गीता दुर्गेश अग्रवाल ने कही।

## जिला जेल में आनंद महोत्सव अंतर्गत 7 जनवरी तक आयोजित होंगे कार्यक्रम

# तीन दिवसीय कार्यक्रमों का कलेक्टर व एसपी उपाध्याय ने किया शुभारंभ

जेल में महोत्सव के तहत पहले दिन वॉलीबाल व बैडमिंटन प्रतियोगिता का अयोजन किया गया।



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

जिला जेल देवास में तीन दिवसीय आनंद महोत्सव के तहत विभिन्न प्रकार की खेल प्रतियोगिताओं के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों का शुभारंभ कलेक्टर ऋषव गुप्ता एवं पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय ने किया। इस मौके पर जेल अधीक्षक हिमानी मनवारे सहित जेल का पुलिस बल मौजूद था। जेल में महोत्सव के तहत पहले दिन वॉलीबाल व बैडमिंटन प्रतियोगिता का अयोजन किया गया।

जिसमें जेल के कैदियों ने उत्साह के साथ हिस्सा लिया। शनिवार 06 जनवरी को कबड्डी और खो-खो प्रतियोगिता होगी। 07 जनवरी को बंदियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाएगी और पुरूस्कार वितरण किया जायेगा। शुभारंभ अवसर पर कलेक्टर गुप्ता ने कहा की अपनी गलतियों को सुधारते हुए अपने नये जीवन की शुरूआत करें। जेल में अच्छी गतिविधियां चल रही है। जेल में परिवार जैसा माहौल है। जेल में वॉल पेंटिंग, बागवानी और संगीत की क्लॉस चल रही है, यह अच्छी बात है। आनंद महोत्सव के तहत आयोजित गतिविधियों में महिलाओं को भी शामिल करें। पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय ने कहा कि सभी आनंद महोत्सव के तहत आयोजित प्रतियोगिताओं में खेल भावना से भाग लें। जेल अधीक्षक हिमानी मनवारे ने बताया कि आनंद महोत्सव के तहत यहां पर तीन दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। आनंद महोत्सव आयोजन का यह तीसरा वर्ष है। विगत वर्ष भी इस प्रकार के कार्यक्रम यहां पर आयोजित हुए थे। यहां पर हमने परंपरा बना ली है कि प्रतिवर्ष हम यहां पर विभिन्न प्रकार के खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन करेंगे। उन्होंने बताया कि जेल में जन्माष्टमी और रक्षा बंधन त्यौहर भी धुमधाम से मनाया जाता है। कार्यक्रम का संचालन वैशाली भारद्वाज ने किया। प्रतियोगिता में रेफरी कमलेश जोशी थे। घनश्याम वर्मा और विजय सिंह बारिया प्रतियोगिता का संचालन करवा रहे है।

# एक दिन की पुलिस रिमांड के बाद पुलिस ने काजी को न्यायालय में किया पेश

**कोर्ट ने न्यायिक हिरासत में भेजा**



**देवास।** काजी को ले जाते हुए पुलिस।

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

करीब तीन माह पूर्व शहर के सिल्वर पार्क कॉलोनी में शहर काजी अबुल कलाम ने एक युवक पर पिस्तौल से हमला किया था। घटना के बाद से आरोपी काजी फरार था। गुरुवार को इंदौर से भोपाल जाते समय उसे पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर धरदबोचा था। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया जहां एक दिन का रिमांड मांगा था।

पुलिस ने बताया था कि रिमांड आरोपी के पास से शस्त्र व कारतूस जब्ती के लिए मांगा था। आरोपी से संबंधित शस्त्र व लायसेंस के साथ कारतूस जब्त किए है। इससे पहले आरोपी शहर काजी अबुल कलाम को जिला चिकित्सालय पुलिस अभिरक्षा में लेकर आए यहां उसका मेडिकल करावाया उसके बाद न्यायालय में पेश किया गया था। युवक पर फायरिंग मामले में करीब तीन माह पहले से फरार चल रहे आरोपी शहर काजी अबुल कलाम को पुलिस ने शुक्रवार को एक बार फिर से न्यायालय में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया। गौरतलब है कि पुलिस ने आरोपी काजी को रसूलपुर बाइपास चौराहे से गिरफ्तार किया था।

उसे कल भी न्यायालय में पेश किया गया था। हालांकि 1 दिन के रिमांड पर पुलिस को सौंपा था। काजी का एक वीडियो वायरल हुआ था। जिसमें वह फायर करते हुए एक युवक के पीछे भाग रहा था।औद्योगिक क्षेत्र थाना अंतर्गत आने वाले सिल्वर पार्क क्षेत्र में 3 माह पुराने विवाद के बाद से शहर काजी अबुल कलाम फरार था। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने बताया था कि फरार काजी इंदौर से भोपाल भागने की तैयारी में था।

पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी।तभी औद्योगिक क्षेत्र थाना पुलिस ने वाहन नंबर के आधार पर उसे रसूलपुर चौराहे से गिरफ्तार किया गया था। फरार काजी पर 5 हजार का इनाम भी घोषित किया गया था। शहर काजी की गिरफ्तारी के बाद से थाना औद्योगिक क्षेत्र थाने पर सुरक्षा बढ़ाई गई। थाने के मेन गेट के आसपास बैरिकेड्स लगाए गए। इसके साथ ही भारी पुलिस बल भी तैनात किया गया।

# वार्ड-13 जनपद सदस्य का शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ उपचुनाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागली




जनपद पंचायत बागली के वार्ड क्रमांक 13 में जनपद सदस्य के लिए शुक्रवार के दिन उपचुनाव संपन्न हुआ। इस दौरान मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया। वहीं सदस्य पद के लिए तीन उम्मीदवार चुनावी मैदान में है। उक्त मतदान की गणना 9 जनवरी को तहसील कार्यालय पर की जाएगी। वार्ड में सुबह से ही निर्धारित समय पर मतदान शुरू हो गया था, जो की 3 बजे तक चला।

जहां पर उत्साह के साथ मतदाताओं ने केन्द्रों पर पहुंचकर अपने मत का प्रयोग किया। साथ ही ग्राम पंचायत उदयनगर में भी सरपंच पद के लिए चुनाव संपन्न हुआ। जहां पर 6 उम्मीदवार सरपंच पद के लिए चुनावी मैदान में थे।ग्राम पंचायत छतरपुरा के शासकीय माध्यमिक विद्यालय मतदान केंद्र एवं माकडिया के मतदान केंद्र पर ईवीएम मशीन खराब होने के दौरान उन्हें बदला गया।


सेक्टर अधिकारी के रूप में एसडीओ अमित सोलंकी एवं हेमंत सेठी क्षेत्र में उपस्थित रहे।जनपद वार्ड 13 ग्राम वार मतदान संख्या एवं प्रतिशत छतरपुरा 1458 (69.26%),नयापुरा 1282 (80.78%),चारिया 289 (74.29%),खमखेड़ी 296 (64.91%),अवल्दा 373 (75.35%),अवल्दी 214 (73.28%),माकड़ियि 202 (71.37%)अमरपुरा 555 (57.27%) कुल मतदान : 4739 ,72.06% हुआ है।

### बढ़ती ठंड को देखते हुए मित्राय ने प्रारंभ किया कंबल वितरण अभियान



**देवास।** शहर में बढ़ती शीत लहर को देखते हुए मित्राय सोशल वेलफेयर सोसाइटी के सदस्यों ने रिन्यू पावर कंपनी के सहयोग से रात्रि के समय फुटपाथ, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन पर सो रहे आम लोगों को गर्म कंबल का वितरण किया। मित्राय सदस्य अखिल दुबे ने बताया कि सोशल मीडिया के माध्यम से आमजन से अपील की है कि अगर आपको कोई आवश्यक व्यक्ति दिखे तो आप मित्राय से संपर्क कर उसकी सूचना हमें दे सकते हैं। जिससे आवश्यक व्यक्ति तक कंबल पहुंच सके और हम किसी की मदद कर सके।

# कोहरे के आगोश में लिपटा देवास शहर, सर्द हवाओं से बढ़ी ठंड



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

एक बार फिर सर्द हवाओं ने ठंड बढ़ा दी है। शुक्रवार को दिनभर देवास शहर कोहरे के आगोश में रहा। शहर में लगातार पांचवें दिन कोहरे का असर रहा। पुरा देवास शहर कोहरे के आगोश में लिपटा हुआ नजर आया। दिन के समय भी कोहरे का असर कम नहीं हो रहा है। जिसके कारण चार पहिया वाहन चालकों को वाहन चलाने में काफी समस्याएं हो रही है। लगातार आसमान में छाए बादलों से धूप भी नहीं निकल रही है। ऐसे में ठंड का असर तेज हो गया है। सर्द हवाओं के चलते ठंड कंपकंपा रही है। ठंड से बचने के लिए लोग कई प्रकार के जतन कर रहे है। शुक्रवार को अधिकतम तापमान 21 डिग्री व न्यूनतम तापमान 14 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जबकि एक दिन पहले अधिकतम तापमान 23 डिग्री व न्यूनतम तापमान 13 डिग्री पर था। आज अधिकतम तापमान में 2 डिग्री की गिरावट हुई है, जबकि न्यूनतम तापमान में 1 डिग्री की वृद्धि हुई है। बीती रात शहर के कुछ भागों में हल्की बूंदाबांदी भी हुई।लगातार बढ़ रही तेज ठंड से हर कोई कांप रहा है। नगर निगम द्वारा बढ़ती हुई ठण्ड को देखते हुए शहर के मुख्य चौराहों पर अलाव की व्यवस्था करनी चाहिए। किंतु निगम प्रशासन की उदासीनता के कारण आधे से ज्यादा ठण्ड का मौसम निकल गया, लेकिन आज तक अलाव की व्यवस्था नही की गई। निगम द्वारा कुछ दिनों पूर्व अलाव लगाने का निर्णय भी लिया गया था, लेकिन निर्णय पर अब तक अमल नही किया गया।

# माता टेकरी की दान-पेटियां खुलीं 10.55 लाख रुपए की निकली राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



माँ चामुण्डा टेकरी पर दान में लाखों रुपए की राशि समय-समय पर प्राप्त होती है। माता टेकरी पर मां तुलजा भवानी व मां चामुंडा मंदिर की दानपेटियां देव स्थान प्रबंध समिति द्वारा खोली गई। राजस्व विभाग के अधिकारियों ने देर शाम तक नोटों की गिनती की। इस दौरान 10 लाख 55 हजार रुपए की राशि दान पेटियों में से प्राप्त हुई।

नवरात्र के बाद यह दूसरी बार दानपेटियों को खोला गया। ग्रामीण तहसीलदार निधि राजपूत ने बताया कि इस बार हमने एसबीआई की टीम को मौके पर बुला लिया था। कर्मचारियों ने गिनती की साथ ही मशीनों से भी गिनती कराई गई ताकि त्रुटि की संभावना न रहे। गिनती के दौरान दो डॉलर व एक अंगूठी सहित श्रद्धालुओं के पत्र मिले हैं। उल्लेखनीय है कि कई श्रद्धालु माता टेकरी आने के दौरान दानपेटियों में अपनी मनोकामनाओं के लिए पत्र भी लिखकर दान पेटियों में डाल देते हैं।

# परिवहन विभाग ने कार्रवाई कर 18 हजार रुपए शमन शुल्क वसूला



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

जिले में परिवहन विभाग के दल द्वारा यात्री वाहनों के विरूद्ध शुक्रवार को विशेष चैकिंग अभियान चलाया गया। चैकिंग अभियान में देवास के भोपाल एवं मक्सी मार्ग पर पर यात्री बसों की चैकिंग कार्यवाही की गई है। जिला परिवहन अधिकारी जया वसावा, यातायात थाना प्रभारी पवन बागड़ी तथा परिवहन दल के द्वारा मार्ग पर सघन जांच की जाकर लगभग 48 यात्री बसों को चैक किया गया। जिसमें एक यात्री बस क्षमता से अधिक यात्रियों का परिवहन करते पाये जाने के कारण जप्त कर अभिरक्षा में ली गई। वाहनों में अनियमिता पाए जाने पर 18 हजार शासकीय राजस्व शमन शुल्क वसूल किया गया। यात्री वाहनों के विरूद्ध चैंकिंग अभियान निरन्तर जारी रहेगा।

# श्री कष्टभंजन खेड़ापति सरकार का दिव्य श्रृंगार

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



हनुमान अष्टमी के महापर्व प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी ठिकाना शिवगढ़ (जलालखेड़ी) में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। महंत नंदकिशोर दास वैष्णव द्वारा किए गए हनुमान अष्टमी कार्यक्रम अंतर्गत बाबा श्री कष्टभंजन खेड़ापति सरकार का दिव्य श्रृंगार कर महाआरती की गई। बाबा को छप्पन भोग सवामणी (सवा मान चूरमा का भोग) लगाया गया। प्रातः काल से भक्तों को तांता मंदिर में लगा रहा। कटाचूर सुंदरकाण्ड मण्डली तराना द्वारा संगीतमय सुंदरकाण्ड का पाठ किया गया। रात्रि में आरती कर महाप्रसादी का वितरण किया गया। संतों के पावन सानिध्य एवं महाकाल राजा सेवा समिति के सहयोग से हृदयेश्वरी (भक्ति) वैष्ण का तुलादान कराकर भण्डरा प्रसादी का आयोजन किया गया। उक्त जानकारी पं. प्रेम कुमार वैष्णव ने दी।

## आयुष विभाग ने 18 आरोग्य केन्द्रों पर किया है सामूहिक योग का आयोजन

# आरोग्य केन्द्रों पर हर दिन सुबह एक घंटे हो रहा सामूहिक योग

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



आयुष विभाग द्वारा जिले के 18 आरोग्य केन्द्रों पर किया जा रहा है सामूहिक योग का आयोजनदेवास। जिले मे योग को बढावा देने तथा इससे लोगो को निरोग बनाने की दिशा मे आयुष विभाग अब लगातार कोशिशों में जुटा हुआ है। जिले के 18 आरोग्य केन्द्रों पर हर दिन सुबह एक घण्टे के लिए सामूहिक योग प्रदर्शन किया जा रहा है। इससे कुछ जटिल रोगियो को भी राहत मिली है। राष्ट्रीय आयुष मिशन के अंतर्गत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के महत्वाकांक्षी लक्ष्यो में से एक योग को आयुष विभाग अब जिले के घर-घर तक पंहुचने की तैयारी कर रहा है। इसके लिए आरोग्य केन्द्रो पर योग प्रशिक्षक तथा योग सहायक तैनात किए गए है जो नियति रूप से गतिविधियां कर रहे है। हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर क्षिप्रा के योग प्रशिक्षक महेश यादव बताते है कि प्रतिदिन केन्द्र पर सुबह 07 से 08 बजे तक ग्रामीणों को योग के फायदे बताकर योग प्रशिक्षण दिया जाता है। एक महिने में 20 से ज्यादा सत्र केन्द्र पर तथा 12 योग सत्र केन्द्र से बाहर सार्वजनिक स्थलो, स्कूलो, चौपाल, पंचायत आदि स्थानों पर आयोजित कर रहे है। इसमे अब बडी संख्या मे लोग जुटने लगे है। उन्हे योग गतिविधि से बहुत फायदा मिल रहा है। क्षिप्रा हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर की कम्युनिटी हेल्थ आयुष अधिकारी डॉ. रीना पंचोली बताती है कि गांव के सर्वे यह बात सामने आई कि ज्यादातर लोग वातिक दर्द और जकडन आदि से ग्रस्त है। नियमित योग करने से उन्हे अब राहत महसूस हो रही है। ग्रामीण 60 वर्षीय नाथूलाल चौधरी को अनुलोम-विलोम से उच्च रक्तचाप में तथा 38 वर्षीय नरेन्द्र पटेल को द्विपाद चक्रासन से सायटिका से आराम हुआ है। सेंटर पर आने वाले रोगियो को औषधियो और पंचकर्म के साथ उनकी बीमारी के मुताबिक योग करने को कहा जाता है। जिला आयुष अधिकारी डॉ. गिर्राज बाथम ने बताया कि प्रतिवर्ष योग दिवस पर विभाग जिले मे कई स्थानो पर योग प्रदर्शन करता है। इसके अलावा राष्ट्रीय आयुष मिशन के लक्ष्य अनुसार हेल्थ एण्ड वेलनेसं केन्द्रो पर भी प्रतिदिन योगाभ्यास के साथ असके लाभ बताए जा रहे है। ग्रामीणों को आयुष विभाग की पहल बहुत रास आ रही है। वे उत्साह से योगाभ्यास मे सम्मिलित हो रहे है।

# प्रतियोगिता में अमलतास के डॉक्टरों को मिला दूसरा स्थान



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

एसोसिएशन ऑफ सर्जन्स ऑफ इंडिया द्वारा विशाखपटनम में 13 से 16 दिसम्बर तक राष्ट्रीय वार्षिक सम्मलेन हुआ जिसमे संपूर्ण देश एवं विदेश के चिकित्सकों ने हिस्सा लिया। सम्मलेन में अमलतास इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज के जनरल सर्जरी विभाग के पी.जी. रेजिडेंट डॉ. आशीष मिश्रा, डॉ. हिना खान, डॉ. अरुण झाड़े ने पेपर व पोस्टर प्रस्तुत कर अपने विचार चिकित्सकों के सामने व्यक्त किए जिसमें डॉ. आशीष मिश्रा ने पोस्टर प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता में व डॉ. हिना ने पेपर प्रेजेंटेशन में दूसरा स्थान मिला। साथ ही डॉ. अरुण झाड़े ने पांचवा स्थान प्राप्त करके इस विश्व विद्यालय का नाम रोशन किया। अमलतास अस्पताल के चैयरमैन मयंकराज सिंह भदौरिया डीन डॉ. ए.के. पीठवा ने श्रेष्ठ कार्य के लिये तीनों का स्वागत अभिनन्दन किया।

**खबर संक्षेप**

### ग्राम पंचायत दुपाड़िया में होगा प्राण-प्रतिष्ठा और पंच कुंडिय महायज्ञ

**आष्टा।** आष्टा विधान सभा के ग्राम दुपाड़िया में श्री राम दरबार की प्राण प्रतिष्ठा एवं महायज्ञ का आयोजन होने जा रहा है। और इस विशाल और भव्य आयोजन के लिए ग्राम दुपड़िया के वासियों ने युद्ध स्तर पर तैयाररिया शूरू कर दी हैगोरतलब है दुपाडिय में होने जा रहे इस विशाल और भव्य प्राण प्रतिष्ठा और पंच कुंडिया महायज्ञ में आसपास से बड़ी संख्या में भक्तो की पहुंचने की संभावना है। इस धार्मिक आयोजन में सिहोर के प्रसिद्ध कथावाचक पंडित धीरेंद कुमार शास्त्री और फरड़ वाले यज्ञाचार्य पंडित मोहन शास्त्री प्रमुख से शामिल होंगे। वहीं 7 दिनो तक होने वाले इस आयोजन में प्रतिदिन कई तरह के धार्मिक और संस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। आयोजन समिती ने जानकारी देते हुए बताया की 16 तारीख को कलश यात्रा और पंचांग कम मंडप प्रवेश होगा तो 17 जनवरी को मंडप स्थापना अग्नि स्थापन मंडप पूजन के साथ अगले दिन 18 जनवरी को पूजन हवन होगा तो के साथ अंतिम दिन 22 जनवरी को पूजन हवन, न्यास पूर्ण आहूति और महाप्रशादी भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान दुपाडिया , टांडा, मालीखेड़ी, मूंदीखेड़ी, छापरी, केवखेड़ी, चाचाखेड़ी लसूडिया सुखा के ग्रामीणों ने इस धार्मिक आयोजन को सफल बनाने की अपील की हे।

### टास्क फोर्स समिति का किया गठन

**सीहोर।** आयुक्त स्वास्थ्य सेवायें एवं मिशन संचालक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन टीकाकरण द्वारा दिये गये निर्देशानुसार शहरी टास्क फोर्स समिति गठित किया जाना है। कलेक्टर प्रवीण सिंह ने शहरी टास्क फोर्स समिति का अध्यक्ष नगर पालिका अधिकारी सीहोर को बनाया गया है। समिति सदस्यों में नगर पालिका हेल्थ अधिकारी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, सिविल सर्जन जिला चिकित्सालय, जिला टीकाकरण अधिकारी, जिला विकास अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी, जिला महिला बाल विकास अधिकारी अधिकारी, जिला जनसम्पर्क अधिकारी, सहायक कार्यक्रम प्रबंधक,प्रतिनिधि WHO, UNICEF, IAP, IMA एवं अन्य संस्थायें और अन्य प्रतिनिधि सदस्य होगें।

धूमधाम से मनाया भगवान श्री राम का जन्मोत्सव, जमकर झूमे श्रद्धालु

# जिस घर में भजन बढ़ेगा वहां कलयुग, अधर्म कभी भी पैर नहीं रख सकता: गोविंद जाने





उत्साह और उमंग के साथ माता-बहनों ने रामलाल के जन्म का स्वागत किया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आष्टा

संगीतमय श्रीराम कथा के चौथे दिवस पर संत श्री गोविंद जाने श्रवण के लिए भारी संख्या में श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ा शीतलहर होते हुए भी हजारों की भारी संख्या श्रवण करता पहुंचे पंडाल में बैठने के लिए जगह कम पड़ गई वही आज श्री राम जन्मोत्सव मनाया गया बहुत ही उत्साह और उमंग हर्षोल्लास के साथ माता बहनों ने रामलाल के जन्म का स्वागत किया। इस अवसर पर संत श्री ने कहा कि युग चार प्रकार के होते हैं- सतयुग,त्रेतायुग, द्वापरयुग, कलयुग। इन सब युगों का अपना अलग महत्व है। इनकी समय और काल अवधि अलग-अलग है। यह ऋतुओं के जैसे समय-समय पर बदलते रहते हैं। संत तुलसीदास ने कहा है, कलयुग केवल नाम अधारा, सिमर-सिमर नर उतरहिं पारा₹ अर्थात कलियुग में केवल भगवान के नाम का जाप ही मनुष्य को संसार के गहरे समुद्र से पार लगाने के लिए पर्याप्त है। भगवान के दिव्य नाम का जाप जन्म और मृत्यु के इस चक्र से आनंद, शांति और मुक्ति देगा, जहां सत्कर्म होगा वहां भजन बढ़ेगा और जिस घर में भजन बढ़ेगा वहां पर कलयुग और अधर्म कभी भी पैर नहीं रख सकता। सन्यासी आश्रम से ग्रहस्त आश्रम श्रेष्ठ माना जाता है सन्यासी मैं व्यक्ति भगवान के चरणों में होते हैं परंतु ग्रस्हत जीवन में पूरे परिवार का एक-एक व्यक्ति भगवान की कृपा से कार्यकर्ता है। एक बार राजा के मन में बड़ी ग्लानि हुई कि मेरे पुत्र नहीं है। राजा तुरंत ही गुरु के घर गए और चरणों में प्रणाम कर बहुत विनय की। जीवन में सद्गुरु के बताए हुए मार्ग पर ही कार्य करना चाहिए पूरी धरती और अयोध्या दशरथ जी के अधीन थी परंतु दशरथ जी अपने सद्गुरु के अधीन थे। जीवन का हमारा जो पाठ है वह मंगलाचरण होना चाहिए स्वयं के चरित्र पर चित्रण करना अपनी बुद्धि अपने सत्कर्म पर ध्यान देना स्वयं को अंतर आत्मा से पहचाना हम किस पार्टी के हैं कुकर्म करेंगे तो रावण दल के कहलाएंगे और सत्कर्म और धर्म करेंगे तो राम दल के कहलाएंगे। हमारा मार्ग हमें स्वयं ही दिखता है बस निर्भर यह करता है कि हम चले कि मार्ग पर, गुरु वह कहलाता है जिसके पास बैठने से हमारे मन में सत्कर्म और अच्छे आचरण मिले और मां को शांति मिले जहां बैठकर व्रत गंगा तीर्थ का ध्यान हो ऐसा व्यक्ति की संगत से वह संत होता है। जिनका नाम सुनने से ही कल्याण होता है, वही प्रभु मेरे घर आए हैं। राजा का मन परम आनंद से पूर्ण हो गया। उन्होंने बाजे वालों को बुलाकर कहा कि बाजा बजाओ। वही राम जन्मोत्सव पर पूरे पंडाल को रंग-बिरंगे फूल पत्तियों से सजाया गया ढोल ढोल धमाके के साथ पटाखे फोड़ कर धूमधाम से मनाया इस अवसर पर अनोखी लाल खंडेलवाल , कालापीपल विधायक घनश्याम चंद्रवंशी, नपा प्रतिनिधी राय सिंह मेवाड़,युवा मोर्चा अध्यक्ष मनीष धारवा, पार्षद रवि शर्मा,बंटी मेवाड़ा, पवन सैन,राजा मेवाड़ा , चेतन सिंह ठाकुर ,मीडिया प्रभारी जुगल पटेल, चेतन वर्मा, धीरप पटेल, जटाल सिंह, भगवती सोनी, सुदीप जायसवाल,सांध्य बजाज, डा मीना सिंगी,जितेंद्र सिरोठिया ,टीना पांचाल, श्राद्ध नागर शाजापुर, मनीष नागर, चन्दर ठेकेदार, मनीष धारवा,शैलबाला शर्मा,सुनील आर्य, राधेश्याम दाऊ,सुनील केलिया,राजेंद्र चेयरमैन,अभिषेक पटेल, डा रतन सिंह आदि उपस्थित रहे।

# पुलिस ने एक साथ सटोरियों के ठिकानों पर दी दबिश

**8 सटोरियों से 8310 रुपए किए जब्त**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ आष्टा

आष्टा पुलिस द्वारा एक ही दिन अलग-अलग टीम बना कर सटोरियों के कई ठिकानो पर एक साथ दबिश दी गई। इस दौरान 8 सटोरियों से 8310/- नगदी जब्त और एक लाख रूपए से अधिक के सट्टे का हिसाब जप्त किया गया। सभी सटोरियों को गिरफ्तार कर कार्यपालिक दंडाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया। पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी द्वारा इस आशय के निर्देश इकाई के समस्त थाना प्रभारियों को दिये गए है कि जुआ-सट्टा चलाने वालों पर प्रभावी कार्रवाई की जाए। इसी के तारतम्य मे थाना आष्टा पुलिस द्वारा पुलिस अधीक्षक के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गीतेश गर्ग व अनुविभागीय अधिकारी पुलिस आष्टा आकाश अमलकर के मार्गदर्शन मे कार्रवाई करते हुए निम्नलिखित कार्रवाई की गई।

थाना प्रभारी पुष्पेंद्र सिंह राठौर के नेतृत्व में थाना स्तर पर गठित अलग-अलग टीमों द्वारा सटोरियो के अलग-अलग ठिकानो पर दबिश दी गई और आठ सटोरियों को दबोचा। जिनके कब्जे से 8310 नगदी, एक लाख रूपए से अधिक के सट्टे का हिसाब व सट्टा सामग्री जप्त कर पृथक-पृथक प्रकरण तैयार किये गये। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन पर सभी सटोरियों पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करते हुये धारा 151,107,116 (3) जा.फौ. का कायम कर कार्यपालिक दण्डाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया गया। नफीस खां पिता रफीक खां नि. लंगापुरा आष्टा, जितेन्द्र राठौर पिता सूरेश राठौर नि. सेमनरी रोड आष्टा, विनोद कुमार मेवाडा पिता नारायण सिंह मेवाडा नि. डोराबाद, सफीस खां पिता रफीक खां नि. लंगापुरा आष्टा, सानू उर्प सनब्बर पिता रशीद राई नि. तरपोलिया आष्टा, कमलेश श्रीवास्तव पिता संभूदयाल श्रीवास्तव नि. इंद्रा कालोनी आष्टा, सलीम उर्फ राजा पिता बाबूशाह नि.ताजपुरा रोड इस्लामपुरा, अकील पठान पिता हबीबउल्ला पठान नि. पुराना दशहरा मैदान आष्टा शामिल है।


उक्त कार्रवाई में निरी. पुष्पेन्द्रसिंह राठौर थाना प्रभारी, उपनिरीक्षक दिनेश यादव, अनिल डोडियार, अपर्णा भट्ट, सहायक उपनिरीक्षक हुल्लास वर्मा, प्रधान आरक्षक- चंद्रशेखर राम, अशोक यादव आरक्षक संजय, जितेन्द्र ,धीरज, शैलेन्द्र, हरिओम, राजेश,सतीश, जितेन्द्र, सैनिक श्यामलाल, सजनसिंह, चंदरसिंह, गेंदालाल रोहित सेन, कमल परमार, आदि। की अहम भुमिका रही।

### ई-केवायसी कराने के निर्देश

**सीहोर।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत हितग्राहियों को वर्ष में कुल रूपये 06 हजार की राशि 03 समान किश्तों में प्रदान की जाती है। योजनांतर्गत हितग्राहियों की लैण्ड लिंक, आधार एवं बैंक खाता डीबीटी के लिए इनेबल, ई-केवायसी की कार्यवाही शीघ्र पूर्ण किया जाना अनिवार्य किया गया। इस संबध में कलेक्टर प्रवीण सिंह ने गत दिवस जिले के समस्त अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं तहसीलदारों को निर्देश कि किसानों को योजना के तहत जारी होने वाली 16वी किस्त के लिए आधार, बैंक खाता लिंकिंग, ई-केवायसी एवं लैंड लिंक की कार्यवाही शीघ्र कराये। इसके लिए ग्राम पंचायत स्तर पर कैंम्प आयोजित कर कार्यवाही शत-प्रतिशत पूर्ण कराने के भी निर्देश दिये गये है। कार्यवाही पूर्ण करने के लिए पीएम किसान सेचुरेशन ड्राइव का 15 जनवरी 2024 तक क्रियान्वित किया जाना है। किसानों की ई-केवायसी के लिए कलेक्टर श्री सिंह ने कहा है कि इसके लिए जिला स्तर पर नोडल अफिसर सहा. अधीक्षक भू-अभिलेख सत्यनारायण मालवीय मोबाइल नंबर 7400512961 ग्राम स्तर पर नोडल अफिसर की आईडी बनाना पीएम किसान योजना के एक्टिव हितग्राही एवं ई-केवायसी, एनपीसीआई के लंबित हितग्राहियों के लिए ग्राम पंचायत स्तर पर कैम्प का आयोजन किया जाए। 23 से 25 दिसम्बर तक छूटे हुए पात्र हितग्राहियों एवं अपात्र हितग्राहियों की सूची का वाचन किया जाना है।

## 210 मरीजों का किया निःशुल्क दंत परीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर



हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी पूर्व सिविल सर्जन एवं पूर्व मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल शर्मा की स्मृति में 03 जनवरी को निःशुल्क दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में डॉ. अभिषेक शर्मा द्वारा 210 मरीजों के दांतों की जांच की गयी.शिविर में परीक्षण के बाद मरीजों को आवश्यकतानुसार निःशुल्क दवाएँ भी दी गईं।निःशुल्क दंत जांच शिविर के बारे में जानकारी देते हुए नहर रोग विशेषज्ञ डॉ. अभिषेक शर्मा ने बताया कि साईं ज्योति क्लिनिक, गंगा आश्रम पिछले 5 वर्षों से उनके पिता की स्मृति में निःशुल्क दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन कर रहा है. यह इस वर्ष आयोजित छठा शिविर है। साथ ही इस शिविर में निःशुल्क दवाएँ भी वितरित की गईं।

### राज्य रूपंकर कला पुरस्कार लिए कलाकृतियां आमंत्रित, अंतिम तिथि 15 जनवरी निर्धारित

**सीहोर।** उस्ताद अलाउद्दीन खां संगीत एवं कला अकादमी, संस्कृति परिषद्, द्वारा मध्यप्रदेश राज्य रूपंकर कला पुरस्कार प्रदर्शनी-2024 का आयोजन किया जा रहा है। अकादमी द्वारा ख्यातिलब्ध कलाकारों के नाम से स्थापित रूपंकर एवं ललित कलाओं के दस पुरस्कारों के लिए कलाकृतियाँ आमंत्रित की जा रही हैं। प्रत्येक पुरस्कार की राशि 51,000 निर्धारित है। प्रदर्शनी में तीन कलाकृतियाँ मान्य की जायेगी तथा 25 से 55 वर्ष तक की आयु के कलाकार भाग ले सकेंगे। कलाकारों की मौलिक कलाकृतियाँ जो जनवरी 2022 के बाद सृजित हो मान्य की जायेगी। कला प्रदर्शनी की विवरणिका शासकीय अकादमी कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। कलाकृतियाँ उस्ताद अलाउद्दीन खाँ संगीत एवं कला अकादमी, भोपाल में 15 जनवरी, 2024 सायंकाल 5 बजे तक जमा होंगी।

# नपा की अतिक्रमण हटाओ मुहिम: बस स्टैंड से टीम ने हटाया कब्जा, कहा-फिर से न करें अतिक्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आष्टा



एक बार फिर से नगर पालिका ने अतिक्रमण हटाओ मुहिम शुरू की। 3 से 6 के बीच में सीएमओ की उपस्थिति में नपा की टीम ने बस स्टैंड अतिक्रमण हटाया। साथ ही पुराना भोपाल-इंदौर मार्ग के दुकानदारों को भी चेतावनी दी कि वह सड़क पर अतिक्रमण न करें, नहीं तो हटा दिया जाएगा। दरअसल, पूरे शहर के प्रमुख मार्गों और चौराहों पर अतिक्रमण की भरमार है। अतिक्रमण के कारण आम लोगों का निकलना मुश्किल हो गया है।

कई बार प्रशासन नगर पालिका ने मुहिम चलाई, लेकिन कारगर साबित नहीं हुई, क्योंकि प्रशासन नगर पालिका ने अभी तक कोई ठोस प्लान नहीं बनाया। इस कारण प्रशासन नपा अतिक्रमण तो हटवाता है, लेकिन फिर से अतिक्रमण हो जाता है। शहर के एकमात्र बस स्टैंड भी अतिक्रमण से घिरा हुआ है। यहां पर अतिक्रमण के कारण सबसे ज्यादा यात्री बस चालकों को परेशानी उठाना पड़ती है। दुकानदारों ने बरामदों को भी अपने कब्जे में ले लिया है। कई बार नगर पालिका ने चेतावनी दी, लेकिन अभी तक दुकानदारों ने बरामदे खाली नहीं कराए हैं। इसी को लेकर आज सीएमओ अपनी टीम के साथ बस स्टैंड पर पहुंचे। उन्होंने दुकानदारों को चेतावनी दी कि वह आम नागरिकों के घूमने फिरने के बरामदों पर कब्जा ना करें। शहर के कन्नौद रोड पर भी सर्वाधिक अतिक्रमण के कारण इस मार्ग पर वाहन चलाना परेशानी का कारण बनता जा रहा है। दुकानदारों ने दोनों और अतिक्रमण कर रखा है, इधर ट्रैक्टर-ट्रालियां और अन्य वाहन खड़े रहते हैं। इस कारण मार्ग काफी सकरा हो गया है। इसी तरह बुधवारा, बड़ा बाजार, सब्जी मंडी मार्ग, पुराना बस स्टैंड, भोपाल नाका, अलीपुर सहित कई मार्ग और चौराहे भी अतिक्रमण की चपेट में है।

सीएमओ राजेश सक्सेना ने बताया कि शहर में जहां-जहां अतिक्रमण है, चिन्हित किया जा रहा है जल्द ही अतिक्रमण हटाया जाएगा। आज भी बस स्टैंड के दुकानदारों को बरामदा का अतिक्रमण हटाने की चेतावनी दी है। अगर लोग अतिक्रमण नहीं हटते हैं, तो फिर हमें सख्ती से हटाना पड़ेगा।

### पिछड़ी जनजाति समुदायों के लिए राज्य स्तरीय अपेक्स कमेटी का गठन

**सीहोर।** राज्य शासन ने विशेष पिछडी जनजाति समुदायों के लिए लागू की गई प्रधानमंत्री जन-मन योजना/मिशन के अन्तर्गत संबंधित विकास विभागों द्वारा कार्य योजना तैयार करने, योजना का सुचारू क्रियान्वयन, समन्वय, अभिसरण एवं अनुश्रवण करने के लिये राज्य स्तरीय अपेक्स कमेटी का गठन मुख्य सचिव की अध्यक्षता में किया गया है। समिति में अपर मुख्य सचिव, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विकास ,लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, वन, एवं प्रमुख सचिव, स्कूल शिक्षा, उर्जा, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, महिला एवं बाल विकास, नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा सदस्य होंगे। अपर मुख्य सचिव, जनजातीय कार्य, सदस्य सचिव होंगे।

# महिला मंडल ने भक्तांबर जी का पाठ कर 48 दीपों से उतारी आरती




हरिभूमि न्यूज ▶▶ आष्टा

नए साल का आगाज जैन समाज ने अनोखे तरीके से इस वर्ष भी किया। जय जिनेंद्र महिला मंडल द्वारा श्री चंद्र प्रभु मंदिर गंज में रात को श्री भक्तांबर जी का पाठ करके 48 दीप प्रज्वलित कर बड़े बाबा भगवान आदिनाथ जी सहित मंदिर में विराजमान सभी भगवानों की महाआरती भक्ति भाव के साथ की गई। महाआरती के दौरान बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हुई। श्री चंद्रप्रभु मंदिर गंज में बड़े बाबा भगवान आदिनाथ जी के दरबार में जय जिनेंद्र महिला मंडल के द्वारा भक्तांबर जी का पाठ करके नव वर्ष पर 48 दीपों को सजाकर महा आरती की गई। इस अवसर पर समाज की काफी संख्या में महिलाएं भी उपस्थित थीं।

सिविल अस्पताल में कोरोना के लिए वार्ड किया तैयार, दवा और कीट भी उपलब्ध

# बदला मौसम, सर्दी-खांसी के बढ़े मरीज, अलर्ट मोड पर स्वास्थ्य विभाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आष्टा



बदलते मौसम के कारण सर्दी-खांसी के मरीजों की संख्या बढ़ गई है। कोरोना संक्रमण के वापस लौटने से ऐसे मरीजों पर स्वास्थ्य विभाग निगरानी कर रहा है। जल्द विभाग सैंपलिंग भी शुरू करने वाला है। स्वास्थ्य विभाग ने इसको लेकर अलर्ट जारी कर दिया है, सैंपलिंग के लिए किट एवं दवा आई है। निर्देश आते ही संदिग्धों की सैंपलिंग शुरू की जाएगी।सिविल अस्पताल आष्टा में भारत सरकार द्वारा दिये गये निर्देशानुसार कोविड महामारी के लिए व्यापक इंतजाम पूर्ण किए गए, जिसमें डेडिकेटेड कोविड वार्ड के साथ -साथ कोविड की जाँच एवं रोकथाम हेतु आवश्यक सामग्री आदि का प्रबंधन पूर्ण किया गया।

अस्पताल के स्टोर प्रभारी प्रमोद परमार ने जानकारी में बताया की पी.पी.ई. किट, एन -95 मास्क, सर्जिकल मास्क, ग्लव्स, ऑक्सीजन मास्क, फ़्लोमीटर, ऑक्सीजन सिलिंडर सहित सभी सामग्रियों की उचित व्यवस्था कर ली गई, डॉ सुरेश कुमार माहौर मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी ने भी कोविड उपचार की संपूर्ण व्यवस्था की पुष्टि की । आष्टा का स्वास्थ्य अमला कोरोना को लेकर शुरू से अलर्ट रहता है। यहां बाहरी लोगों का आवागमन काफी ज्यादा है। इलाज के लिए भी देवास और शाजापुर जिले से लगे ग्रामीण क्षेत्रों के लोग आष्टा में आते है, ऐसे में संक्रमण फैलने का खतरा रहता है। स्वास्थ्य विभाग ने सर्दी-खांसी और कोरोना के लक्षण वाले मरीजों की निगरानी तेज कर दी है। स्वास्थ्य विभाग ने संदिग्धों की सैंपलिंग के निर्देश दिए है। विभाग का कहना है कि शीघ्र ही संदिग्धों की सैंपलिंग शुरू कर दी जाएगी। सैंपल लेने के बाद भी जांच रिपोर्ट आने में समय लगता है। आरटीपीसीआर के लिए सैंपल बाहर भेजे जाते हैं। यहां सैंपल बढ़ने पर परेशानी होती है। हालांकि अभी जिले में कोरोना का एक भी संदिग्ध मरीज नहीं है। कोरोना संक्रमण और संदिग्धों के इलाज के लिए सिविल अस्पताल में तैयारी हो गई है।

दो बार विभाग मॉक ड्रिल कर चुका है, ताकि आपात स्थिति में त्वरित इलाज किया जा सके। डॉ प्रवीर गुप्ता सिविल सर्जन ने बताया कि अस्पताल में आईसीयू संचालन की जांच हो गई है। अफसरों ने इसकी निगरानी की है। यहां ऑक्सीजन की भी कोई कमी नहीं है। ऑक्सीजन प्लांट से पूरे अस्पताल में ऑक्सीजन सप्लाई हो रहा है।

# ग्राम पाटन में निकली अक्षत कलश यात्रा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मन्दिर में राम लला की प्राण-प्रतिष्ठा में निमंत्रित करने के लिए पूजित अक्षत कलश यात्रा ग्राम पाटन में निकाली गई। अयोध्या में श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा अक्षत आमंत्रण ग्राम पाटन के राम मंदिर से प्रारंभ होकर ग्राम के सभी मोहल्ले के सभी ग्राम वासियों को राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा में आने के लिए आमंत्रित किया। सभी को 22 जनवरी को दीपावली मनाने का अनुरोध किया। राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर गांव में उत्साह देखने को मिल रहा है। गांव में जय श्री राम के नारे और भजन के साथ निमंत्रण दिया जा रहा है।

अनुसूचित जाति बालक छात्रावास में बच्चों के भोजन व अन्य सामग्री के पैसे गबन करने का है आरोप

# 65 लाख से ज्यादा के गबन आरोपी छात्रावास अधीक्षक पर अभी तक नहीं हुई विभागीय कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

65 लाख से ज्यादा के गबन के आरोपी पर न ही कोई विभागीय जांच न होना आदिम एवं अनुसूचित जाति कल्याण विभाग के जिम्मेदारों पर सवालिया निशान खड़ा करने के लिए काफी है। इतने बड़े गबन के आरोपों को लेकर विभाग की चुप्पी से प्रतीत होता है कि संबंधित अधिकारी द्वारा संरक्षण प्रदान कर गंभीर अनियमितताओं कर भ्रष्टाचार कर दलित शोषित वर्ग के बच्चों की शासकीय राशि गबन करने के दोषी को पुनः बहाल कर अधीक्षक बनाने हेतु फाअल भेजी जा रही है। जिस छात्रावास अधीक्षक ने मासूम बच्चों के भोजन एवं उनको छात्रावास में मिलने वाली सामग्री का ही गबन कर पैसों को अपने हित में लगा लिया हो उसके प्रति विभाग के अधिकारियों का मौन संदेह पैदा करने के लिए काफी है। इसका अंदाजा इसी बात से लगा लीजिए की निलंबित अधीक्षक को 20 मार्च 23 को आरोप पत्र देने के बाद 15 दिन का समय अपना उत्तर देने के लिए दिया गया था परंतु कई महिनों के बाद इसका उत्तर दिया गया और विभाग के जिम्मेदार इंतजार में बैठे रहे।

### क्यों नहीं हुई विभागीय रिकवरी और एफआईआर ?

यदि विभाग के कर्मचारी द्वारा इतना बड़ा गबन किया गया है तो फिर विभाग के अधिकारियों द्वारा अभी तक संबंधित निलंबित अधीक्षक से गबन के पैसों की रिकवरी की प्रक्रिया प्रारंभ क्यों नहीं की गई। और यदि रिकवरी नहीं दे रहे तो फिर शासन के हित में एफआईआर क्यों नहीं की गई ?



**छात्रावास अधीक्षक निकला 65 लाख की अनियमितता का आरोपी, हो गया सस्पेंड**

गंभीर आर्थिक अनियमितता के चलते हुए निलंबित, पूर्व में बचाव में वीडियो बनाकर सीएम से लगाई थी बचाने की गुहार

करोड़ो रुपए खर्च का कोई हिसाब नहीं, छात्रावास अधीक्षक बोले चोरी हुए डॉक्यूमेंट

**छह महीनें बाद वीडियो वायरल,षड़यंत्र या अनियमितता छिपाने की कोशिश !**

ब्यावरा। अपनी गलती को छिपाने का यह अच्छा तरीका है कि दूसरे पर आरोप लगाकर दो और अपने काले कारनामे छिपा लो कुछ ऐसा ही हुआ ब्यावरा बालक छात्रावास अधीक्षक के साथ, जिन्होंने अपने आप को सच्चा और सही बताने के लिए विभाग के संयोजक का 10 हजार रुपए मांगने का वीडियो वायरल कर रिश्वत का आरोप लागाया और उसी के चलते उनका निलंबन हुआ, परंतु हरिभूमि ने प्राथमिकता से उस समय ब्यावरा छात्रावास अधीक्षक बृजमोहन शर्मा की अनियमितता की बात को प्रकाशित किया था, जिस पर प्रशासनिक जांच के बाद यह बात प्रमाणित हुई कि 65 लाख 13 हजार 495 रुपए की अनियमितता और गबन की बात सामने आई है। निलंबित आदेश में कहा गया है कि जिले में विभिन्न छात्रावासों के संचालन में विभागीय एवं वित्तीय नियमानुसार अभिलेखों का संधारण न करने और प्रभार में छात्रावास की सामग्री न देना, कार्यालय में आकस्मिक व्यय हेतु राशि के बिल कार्यालय में प्रस्तुत न करने पर गंभीर आर्थिक एवं सिविल सेवा आचरण नियम-1965 के नियमों और प्रावधानों के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है।

**नहीं दे रहे प्रभारी अधीक्षक को चार्ज**

कलेक्टर हर्ष दीक्षित के निलंबन आदेश के बाद भी निलंबित अधीक्षक बृजमोहन शर्मा छात्रावास के नए प्रभारी महेश सिंह उच्चारिया को चार्ज नहीं दे रहे। इसे भी कलेक्टर के आदेश का उल्लघन ही माना जाएगा। इसके पूर्व भी निलंबित अधीक्षक का रिकॉर्ड रहा है कि उन्होंने कभी भी अपना चार्ज किसी और को नहीं दिया है, फिर चाहे वह जिले में किसी भी छात्रावास में नियुक्त रहे हो। चार्ज देने के क्या परेशानी होती है यह तो उच्च अधिकारी ही उनसे पूछ सकते हैं या फिर वह अपनी अनियमितताओं को छिपाने का प्रयास करते हैं।

**मुख्यमंत्री के नाम वीडियो बनाकर आरोपी ने किया था अपना बचाव**

अपनी अनियमितता छिपाने के लिए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नाम अपने वीडियो में निलंबित छात्रावास अधीक्षक कह रहे थे कि संयोजक द्वारा 10 से 15 हजार रुपए प्रतिमाह रिश्वत की मांग की जाती है और न दिए जाने की स्थिति में नौकरी खाने की धमकी की बात कही थी और अपने आप को साफ बताने का प्रयास किया था।

**नहीं रखते थे किसी भी तरह के वित्तीय रिकॉर्ड**

विभाग की कार्यप्रणाली के अनुसार किसी भी छात्रावास अधीक्षक बृजमोहन शर्मा को 32 तरह की पंजियां नियमानुसार अपडेट करना होती है, जिनमें उपस्थिति पंजी, जिसमें कर्मचारी और बच्चों की उपस्थिति की प्रतिदिन की जानकारी होती है, खाद्यान्न पंजी, व्हाउचर फाइल और रोकड़-बही पंजी, स्टॉक पंजी आदि पंजियो के वर्षों के रिकार्ड ही नहीं हैं। इसकी जांच अभी और की जाए तो मामला और भी आगे जा सकता है।

### विभाग भी कार्रवाई न करते हुए न्यायालय से राहत का रास्ता देख रहा है

हरिभूमि ने जब आदिम एव अनुसूचित जाति विभाग के जिम्मेदार जिला संयोजक निशा जैन एवं क्षेत्र संयोजक एचएस मौर्य से विभागीय कार्यवाही के बारे में पूछा तो उन्होंने निलंबित छात्रावास अधीक्षक बृजमोहन शर्मा के द्वारा अपने निलंबन को लेकर कोर्ट में चुनौति देने को आधार बनाकर अपनी कार्रवाई की इतिश्री मान ली। उल्लेखनीय है कि इंदौर हाईकोर्ट की सिंगल बेंच ने भी बृजमोहन शर्मा को कोई राहत न देते हुए इसको गंभीर अनयमित्ता माना है। इसके बाद निलंबित अधीक्षक हाईकोर्ट की सेकेड बैंच में अपनी फरीयाद लेकर पहुंचे है परंतु विभाग क्यों तमाशबीन बना हुआ है और अभी तक कोई कार्रवाई नहीं कर पाया है ?

### वर्षों से जमे हुए लोग भी दे रहे भ्रष्टाचारियों को पनाह

विभाग में वर्षों से जमे लिपिक भी इस तरह के भ्रष्टाचारियों के संरक्षक बन रहे हैं। अधिकारियों को कब और क्या बताना है जिसका लाभ विभाग के इस तरह के भ्रष्टाचारियों को मिले इसका पूरा ध्यान और ज्ञान विभाग में दशकों से जमे बाबूओं द्वारा रखा जाता है जिससे विभाग में इस तरह के भ्रष्टाचारियों को बल मिलता है। उल्लेखनीय है कि तत्कालीन कलेक्टर करमवीर शर्मा के आदेश की अवहेलना कर बृजमोहन शर्मा को अधीक्षक पद से नहीं हटाया गया।

**इनका कहना है...**

निलंबित छात्रावास अधीक्षक के निलंबन का मामला कोर्ट में चल रहा है। इसलिए विभाग ने अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की है। हालांकि इंदौर हाईकोर्ट की पहली बेंच ने उनकी याचिका खारिज कर दी है।

**निशा जैन,** जिला संयोजक आदिम एवं अनुसूचित जाति कल्याण विभाग राजगढ़

### जानते हैं 65 लाख के गबन को विस्तार से

छात्रावास अधीक्षक बृजमोहन शर्मा पर विभिन्न तरीकों से मासूम बच्चों के हितों में लगने वाली शासन की कुल राशि 65 लाख 13 हजार 495 रुपए का गबन का आरोप हैं। आइए जानते हैं कब और कैसे किया गया-

1. सीनियर अनुसूचित जाति बालक छात्रावास पचोर में 1 जुलाई 2003 से जुलाई 2022 तक रहते हुए आरक्षित शिष्यावृत्ति राशि 28 लाख 38 हजार 311 एवं स्टोर सामग्री स्टॉक में नहीं मिलने पर राशि 94 हजार 888 गबन का पाया गया।
2. 1 जुलाई 2003 से 30 जून 2016 तक बालक छात्रावास बरग्या में रहकर आहरित शिष्यावृत्ति राशि 27 लाख 33 हजार 963 वहीं स्टोर से प्राप्त सामग्री स्टॉक में नहीं मिलने पर 20 हजार 79 गबन किया गया।
3. 1 जुलाई 2015 से 30 जून 2016 तक बालक छात्रावास पड़ोनिया में आहरित शिष्यावृत्ति राशि 3 लाख 76 हजार 946 एवं स्टोर से प्राप्त सामग्री का स्टॉक न मिलने पर 1308 का गबन।
4. विभिन्न मदों में मिलने वाले छात्रावासों के रखरखाव एवं आकस्मिक व्यय व अन्य कार्य योजनान्तर्गत जिला कार्यालय से 4 लाख 48 हजार दिए गए जिनके बिल व्हाउचर आदि प्रस्तुत नहीं किए गए।

## 11 साल से फरारी काट रहा स्थाई वारंटी चढ़ा पुलिस के हत्थे

### मुखबिर की सूचना पर कालीपीठ पुलिस ने टीम बनाकर पकड़ा




**राजगढ़।** पुलिस मुख्यालय से मिले निर्देशों के क्रम में जिला पुलिस स्थाई, फरार वारंटी अपराधियों की धरपकड़ में लगी हुई है। इसी कड़ी में कालीपीठ थानाक्षेत्र में धारा 304-ए में साल 2013 से फरार एक स्थाई वारंटी को पकड़ने में पुलिस को सफलता मिली है। यह आरोपी 11 साल से अपनी पहचान छिपाकर फरारी काट रहा था। कालीपीठ थाना प्रभारी रजनीष सिरोठिया ने बताया आरोपी विजय सिंह तंवर निवासी बांसखो को पकड़ने के अर्से से प्रयास किए जा रहे थे। गत दिवस विष्वसनीय मुखबिर से पता चला कि विजय सिंह अपने गांव आया हुआ है। इस पर एक टीम बनाकर गांव भेजा गया। पुलिस टीम ने आखिरकर उसे पकड़ ही लिया। आरोपी को बाद में न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। उक्त कार्रवाई में प्रधान आरक्षक हरपाल सिंह, बलिस्टर, भागीरथ, प्रशांत, फिरोज, जयसिंह, रवि का योगदान रहा।

## 22 जनवरी के एतिहासिक दिवस पर सार्वजनिक अवकाश की मांग, संयुक्त मोर्चा के पदाधिकारियों ने सौंपा ज्ञापन

**राजगढ़।** आगामी 22 जनवरी को श्रीराम की जन्मस्थली अयोध्या में रामलाल प्रतिमा की प्राण-प्रतिष्ठा का भव्यतम आयोजन होना है। इस आयोजन में संपूर्ण देश से करोड़ों रामभक्त शामिल होने पहुंचेंगे। मप्र अधिकारी, कर्मचारी संयुक्त मोर्चा पदाधिकारियों ने राज्यमंत्री नारायण सिंह पंवार सहित मप्र शासन को पत्र भेजकर 22 जनवरी को प्रदेश में सार्वजनिक अवकाश घोषित किए जाने की मांग रखी है। मोर्चा जिलाध्यक्ष महेश शर्मा, संयोजक सागर सिंह गुर्जर, प्रदेश उपाध्यक्ष जगदीश गुर्जर, ब्लॉक अध्यक्ष नरेंद्र चौरसिया सहित अन्य द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में उल्लेख है 22 जनवरी के एतिहासिक दिवस पर मप्र के अधिकारी, कर्मचारियों की भी मंषा है किवे अयोध्या पहुंचकर भव्य आयोजन में सम्मिलित हो सकें। ऐसे में प्रदेश के कार्यालयों में अवकाश घोषित किए जाने की मांग रखते हैं।

## अयोध्या से आए पूजित अक्षत लेकर आमंत्रण देने घर-घर पहुंच रहे भक्त

### नगर के मंदिरों में भी धार्मिक अनुष्ठान का कर रहे आह्वान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर



अयोध्या में भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर शिव शक्ति धाम मंदिर से अयोध्या से आए पूजित अक्षत को विधि वत पुजन करके घर घर जाकर आमंत्रण देने हेतु शुरुआत की।

प्रान्त सह कार्यवाह हेमन्त सेठिया के नेतृत्व में शिवशक्ति धाम मंदिर से शुरूआत करके मंदिर संचालक बालमुकुंद शर्मा पटवारी परिवार को पूजित अक्षत देकर अयोध्या में पधारने का आमंत्रण दिया गया। इस पावन अवसर पर मंदिर परिसर में उपस्थित स्वयं सेवक एवं धार्मिक श्रद्धालु भक्तों को प्रांतीय सह कार्यवाह श्री सेठिया ने बताया कि अयोध्या में श्री रामजी की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर भिन्न.भिन्न तैयारी की गई है। हमें भी नगर के समस्त मंदिरों में धार्मिक अनुष्ठान, पूजा पाठ, अभिषेक, सुंदरकांड, हनुमान चालीसा एवं नगर को दीपो की ज्योति से जगमगाये सभी इसमें सहयोग करें। इस अवसर पर प्रमुख रूप से महेश जमींदारए गिरीराज गुप्ता भण्ड़ावदए कोमलसिंह जमींदारए इंदरसिंह परमार ए रामेश्वर टांक ए मनोज जुलानियाए हनुमान जोशी ए सुजान गुर्जरए आशीष मेंवाडा गिरिराज गुर्जरएपवन पांचाल एगुलाबचंद सोनीए पवन शर्मा सहित धार्मिक भक्त शामिल हुए।

## नपाध्यक्ष ने किया गौशाला का शुभारंभ

**विदिशा।** स्व. जगदीश अग्रवाल जी की स्मृति में रामलीला रोड पर अपोलो हास्पिटल के पास स्थित श्री जगदीश प्रसाद अग्रवाल मेमोरियल गौशाला का नपा अध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा ने फीता काटकर शुभारंभ किया। गौशाला संचालक अल्केश अग्रवाल ने अपने पिताजी की स्मृति में यह गौशाला का शुभारंभ किया है। इस दौरान प्रीति राकेश शर्मा ने कहा कि इस गौशाला के पुनीत कार्य को करने का बीड़ा अल्केश अग्रवाल एवं उनके परिवार जनों ने उठाया है। उन्होने कहा ऐसे कार्य ही समाज सेवा के सही कार्य हैं। इससे गौमाता की देखभाल एवं उसके रहने की व्यवस्था इस गौशाला में रहेगी। इस दौरान समाजसेवी घनश्याम बंसल, अशोक गोयल, राकेश सोनकर, चन्द्रप्रकाश अग्रवाल सहित एवं स्व. जगदीश अग्रवाल के सभी परिवारजन उपस्थित रहे।

## खुजनेर पुलिस टीम ने किया अंधे कत्ल का खुलासा

### मृतक की पत्नी ने ही पति को प्रेमी और दो साथियों के साथ उतारा था मौत के घाट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खुजनेर

खुजनेर पुलिस ने गुरुवार को अंधे कत्ल का खुलासा किया है। खुलासे में बताया कि 30 दिसंबर कि रात करीबन 2 बजे पुलिस को सूचना मिली थी कि खुजनेर रोड पर चोंडापूरा के पास एक व्यक्ति का शव पडा हुआ है। जिसके शरीर पर जगह-जगह चोट होने से खुन निकल रहा था। सिर में सामने करम पर चोट का घाव था तथा पेट पर दायें तरफ घाव है।

सूचना पर पुलिस की टीम वहां पहुंची तो सूचक देवीसिंह ने बताया कि यह सिद्धनाथ यादव का शव जो कि चोंडापूरा का रहने वाला है। ऐसा लगता है कि सिध्दनाथ कि मृत्यु किसी अज्ञात वाहन कि टक्कर लगाने से हुई है सूचना पर मर्ग क्र. 34/23 धारा 174 जाफौ कायम कर जांच में लिया गया था। मामले की गंभीरता देखते हुए अति. पुलिस अधीक्षक आलोक कुमार शर्मा के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी दिनेश शर्मा के निर्देश में थाना प्रभारी राधिका भगत की टीम द्वारा बारिकी से जांच कि गई जिसमें पाया गया की मृतक की पत्नी ने ही पति सिद्धनाथ को प्रेमी मुकेश एवं दो साथियों के साथ घर के अंदर मौत के घाट उतार दिया। 29 दिसंबर को आरोपी मुकेश और विशाल और हंसराज ने मिलकर चैंडापुरा के सिद्धनाथ को जान से मारना है। विशाल और हंसराज सिद्धनाथ को मारने के लिए तैयार हो गये, फिर मृतक की पत्नी से संपर्क कर फोर व्हीलर सिद्धनाथ के घर के बाहर पहुंचे तो वापस सुनीता बाई का फोन आया की घर के अंदर आ जाओ। आरोपी गाड़ी से डण्डे लेकर उतरे और सिद्धनाथ के घर में उसकी पत्नी के साथ मिल कर सिद्धनाथ के साथ मारपीट की, जिससे उसके सिर पर और शरीर पर चोट लगी और वह बेहोश होकर वहीं गिर गया। फिर सिद्धनाथ को उठाकर गाडी की डिग्गी मे रखा और सिद्धनाथ को लेकर खुजनेर तरफ तालाब की पाल पर रोड किनारे पहुंचे और सिद्धनाथ के शव को गाडी से निकाल कर सडक पर पटक दिया। मुकेश ने गाड़ी को आगे बढाकर भैंसासुर महाराज के मंदिर के सामने से वापस गाड़ी घुमाई और सिद्धनाथ को जान से मारने की नियत से गाडी सिद्धनाथ के ऊपर चढ़ाकर दी। फिर वापस चाटूखेड़ा जोड गये और वहां से पाडल्याखेडी, कल्पोनी होते हुए संडावता, सारंगपुर होते हुए आगर पहुंचे। वहां से फिर रात्रि 4.30 बजे करीब उज्जैन मे रामघाट पर पहुंचे जहां आरोपी मुकेश ने सुनीता और खुद का मोबाईल नदी में फेंक दिया। फिर नहाकर वापस गाड़ी मे बैठकर इंदौर पहुंचे और वहां से दोपहर मे 3 बजे करीब औंकारेश्वर तरफ फरार हो गए।

खुजनेर पुलिस की टीम ने तकनीकी साक्ष्य व सायबर सेल राजगढ की मदद से आरोपीयों को धर-दबोचा और पूछताछ के बाद अंधे कत्ल का खुलासा करने में सफलता हासिल की खुजनेर पुलिस की टीम में थाना प्रभारी राधिका भगत, उनि आदित्य सोनी, सउनि बाबूलाल, सउनि मंगल, सउनि विजय, सउनि संजय, प्र.आर. बिहारी, प्र.आर. धनसिंह, प्र.आर. रामकैलाश, आर. सुनील, दिनेश, दिगपाल, शुभम, राकेश, कमल, गजराजसिंह, सायबर राजगढ़ से प्र.आर शशांक यादव, प्र.आर कुलदीप कुंभकार, महिला आर रश्मि शर्मा की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

प्रेसवार्ता में बोले राजगढ़ के पूर्व विधायक...

## मेरी कई कोशिशों के बाद स्वीकृत हुआ है राजगढ़ बाइपास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़




राजगढ़ शहर के मध्य से होकर निकले हाईवे के कारण होने वाले हादसों एवं परेषानियों को लेकर बाइपास निर्माण की मांग अर्से से की जा रही है। केंद्रीय हाईवे ऑथोरिटी ने हालिया 400 करोड़ के इस बाइपास को मंजूरी देते हुए बजट भी स्वीकृत कर दिया है। राजगढ़ के निवर्तमान विधायक बापूसिंह तंवर ने गुरूवार दोपहर एक प्रेसवार्ता कर बताया कि उनकी कितनी कोशिशों के बाद अब कहीं जाकर यह बाइपास दिल्ली से स्वीकृत होकर आया है।

प्रेसवार्ता में उन्होंने कहा कि शुरू से ही राजगढ़ बाईपास उनकी प्राथमिकता में था। उन्होंने कहा कि उनके अनुरोध पर पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी को पत्र लिखा। विधानसभा में उनके द्वारा ध्यानाकर्षण याचिका एवं सदन में वक्तव्य के माध्यम से आवाज उठाई गई। नवीन बाईपास का प्रस्ताव भारत सरकार को भिजवाया गया। प्रस्ताव में जो कमी थी उस पर आपत्तियां लगी लेकिन उन्होंने अधिकारियों से भेंटकर समस्त कमियां दूर करवाई और दिल्ली जाकर भी एनएच के अधिकारियों से मिले। आज इस बाइपास को अंततः स्वीकृति मिलने के साथ ही बजट भी पारित हो चुका है।

## पेयजल संकट से जूझने वाले वार्डों के घरों तक पहुंचेगी पाइप लाइन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

विदिशा नगर के सीमावर्ती जैसे पूरनपुरा, अहमदपुर और सागर रोड की कॉलोनियों के रहवासियों के लिए सुखद खबर यह है की शीघ्र ही उनके घरों तक नपा की पेयजल लाइन का कनेक्शन पहुंच जाएगा।

करीब ढाई लाख की आबादी को पानी मुहैया कराने के लिए नगरपालिका 75 करोड़ रुपये खर्च करने जा रही है। हलाली बांध से विदिशा तक करीब 35 किलोमीटर की पाइपलाइन का टेंडर हो चुका है। 600 एमएम साइज के पाइप डालकर यह लाइन बांध से विदिशा तक लाई जाएगी। इसके लिये हलाली पर नया इंटेकवेल बनाया जाएगा। शहर में 6 टंकियों का निर्माण किया जाएगा। कालीदास बांध के पास एक नया फिल्टर प्लांट बनाया जाएगा। यह नई टंकियां अहमदपुर रोड स्थित अटल उद्यान, मिर्जापुर मंडी, मुखर्जीनगर, बैसनगर सहित रानी दुर्गावति उद्यान के पास बनाई जाएंगी। अटल उद्यान वाली टंकी से पूरनपुरा क्षेत्र की कॉलोनियों तक पानी पहुंचाया जाएगा। इसके अलावा टीलाखेड़ी के बचे घरों तक पेयजल लाइन बिछाई जाएगी। नगरपालिका एक टंकी के निर्माण पर करीब 1 करोड़ रुपये खर्च करेगी। 10 लाख लीटर की क्षमता वाली 6 टंकियों से नगर में करीब 50 किलोमीटर लंबी जल वितरण लाइन बिछाई जाएगी।

## अखिल भारतीय सौंधिया समाज ने किया मंत्री व विधायकों का सम्मान

**राजगढ़।** अखिल भारतीय सौंधिया क्षत्रीय राजपूत समाज संगठन द्वारा मुख्यालय स्थित सामूहिक परिसर छात्रावास में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान मप्र शासन के मछुआ कल्याण एवं मत्स्य पालन मंत्री नारायण सिंह पवार, सांसद रोडमल नागर, विधायक अमर सिंह यादव, विधायक मोहन शर्मा, विधायक हजारीलाल दांगी, जिला पंचायत अध्यक्ष चंदर सिंह सोंधिया का शाल, श्रीफल व साफा पहनाते हुए स्वागत सत्कार किया गया।

इस अवसर पर मंत्री पंवार ने समाज के वरिष्ठजनों व सामाजिक कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि यह समाज के लिए गर्व की बात है कि भाजपा ने आपकी समाज के बेटे को मंत्री बनाया है। मै मंत्री हूं, मैं समाज का बेटा हू और बेटा बनकर ही हमेशा सेवा करता रहूंगा। हम सबको मिलकर जिले को विकास की दृष्टि से एक नई पहचान दिलाना है और इसके लिए मै सतत प्रयास करता रहूंगा। समाज ने मुझे आशीर्वाद दिया, इसके लिए मै हमेशा समाज का ऋणी भी रहूंगा। इस अवसर पर पूर्व विधायक प्रताप मंडलोई, हेमराज कल्पोनी, प्रताप सिंह सिसोदिया, शिवसिंह बामलाबे, प्रेमसिंह तोमर खैरासी, मांगीलाल कीलखेड़ा, चंदर सिंह तोमर, सुल्तान सिंह मोतीपुरा, शिवसिंह मोतीपुरा, नारायण सिंह मोतीपुरा, शिवराज सिंह, मदन सिंह खेरासी, देवराज चौहान, सुनील सरावत, नरवर सिंह सिसोदिय सहित समाज के अन्य उपस्थित थे।

बैठक में विभिन्न विभागीय योजनाओं की बिंदुवार हुई समीक्षा

## आप समझदारी न बताएं, जहां जरूरत है वहां बनाओ ब्रिज : पंवार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

कलेक्टोरेट सभागार में गुरुवार को आयोजित जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। बैठक में मछुआ कल्याण एवं मत्स्य पालन मंत्री नारायण सिंह पंवार विभिन्न योजनाओं एवं जन आवश्यकताओं को लेकर काफी सख्त लहजे में नजर आए।

ब्यावरा और नरसिंहगढ़ के बीच गादिया ग्राम के पास हाईवे पर एक ब्रिज, एफओबी बनाए जाने की नितांत आवष्यकता है। लेकिन, हाईवे ऑथोरिटी के अधिकारी ने भरी बैठक में बोल दिया कि वहां ब्रिज बनाने की कोई जरूरत ही नहीं है। इस पर मंत्री पंवार तल्ख लहजे में अधिकारी से बोले कि आप समझदारी न बताईये। जब पूरी समिति कह रही है और जन आवष्यकता है तो वहां ब्रिज बनाने का प्रस्ताव तैयार कर उसे हाईवे ऑथोरिटी को भिजवाईये। बैठक में हर घर नल से जल पहुंचाए जाने की महती जल जीवन मिषन, लोक निर्माण विभाग, पीएमजीएसवाय सहित अन्य विभागीय योजनाओं की भी समीक्षा हुई। बैठक में सांसद रोड़मल नागर, जिला पंचायत अध्यक्ष चंदर सिंह सौंधिया, राजगढ़ विधायक अमरसिंह यादव, खिलचीपुर विधायक हजारीलाल दांगी, नरसिंहगढ़ विधायक मोहन शर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष ज्ञानसिंह गुर्जर सहित समिति सदस्य एवं संबंधित विभागों के आलाधिकारी मौजूद थे।



**रेलवे के अधिकारी बोले- 2025 तक पूर्ण हो जाएगी रेल परियोजना**

### जल जीवन मिशन पर हुई व्यापक चर्चा

केंद्र सरकार के हर घर, नल से जल पहुंचाने के उद्धेष्य से बने जल जीवन मिशन को लेकर बैठक में काफी चर्चा हुई। मिशन के जिलाधिकारी को निर्देश दिए गए कि जिन गांवों में जल निगम से पेयजल उपलब्ध कराने में अड़चनें आ रही हैं, वहां तकनीकी सुधार किया जाए। जहां पानी प्रेशर से नहीं पहुंच पा रहा है उन गांवों को चिन्हित करें और जरूरी जल्द जरूरी सुधार करें। इसके साथ ही जो गांव जल जीवन मिशन क्षेत्र में प्रस्तावित नहीं है, उन गांवों में पेयजल पहुंचाने की कार्ययोजना की भी जानकारी ली गई एवं कार्यों में तेजी लाने के निर्देश प्रदान किए गए। इस दौरान कलेक्टर हर्ष दीक्षित ने बताया कि आगामी ग्रीष्मऋतु में जल प्रबंधन सुचारू बनाए रखने के लिए अभी से आवष्यक कदम उठाने की जरूरत है, इस पर समिति ने सहमति व्यक्त की। सांसद नागर ने ग्राउण्ड वाटर की बजाय सरफेस वाटर से पेयजल की पूर्ति के प्रयास करने की बात बैठक में कहीं।

### थाना क्षेत्रों का पुर्नसीमन प्रस्तावित किया

बैठक में पुलिस अधीक्षक धर्मराज मीणा ने बताया कि जिले में थाना क्षेत्रों का पुनसीमन प्रस्तावित किया गया है। इसके तहत थाना मुख्यालय से अधिक दूरी वाले 50 गांव चिन्हित किए गए, जिनकों 12 थानाक्षेत्रों में सम्मिलित किया जाएगा। पुर्नपरिसीमन की सूची समिति सदस्यों के विचारार्थ प्रस्तुत की गई। एसपी मीणा ने बताया कि परीसीमन होने के बाद उक्त गांवों से थाना नजदीक होने से जनता को सहुलियत होगी। साथ ही डायल 100 भी त्वरित रेस्पॉन्स से कार्य करेगी।

### जब अट्टाहस से गूंजा सभागार

बैठक में रामगंज मंडी से भोपाल रेलवे परियोजना की प्रगति की भी समीक्षा हुई। रेलवे विभाग के अधिकारी ने बताया कि वर्ष 2025 तक संपूर्ण परियोजना का कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा। इस पर खिलचीपुर विधायक दांगी ने विनोद भरे लहजे में कहा कि लोकसभा चुनाव के पहले मेरे क्षेत्र तक पटरी ही ला दो, भलेंही बाद में काम थोड़ा लेट कर देना। इस पर पूरा सभागार अट्टाहस से गूंज उठा।